प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

मानसून वर्षा

प्रदेश में मानसून की वर्षा का क्रम लगातार जारी है। इस वर्षा से जहां अभी तक राज्य को करोड़ों रूपए की संपत्ति का नुकसान पहुंचा है वहीं जानमाल को भी भारी नुकसान हुआ है। अधिकतर नदी–नाले उफान पर हैं और बांधों का जलस्तर भी बढ़ रहा है, जिसके चलते लोगों व पर्यटकों को यात्रा से पहले भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों व उन जगहों से दूर रहने की सलाह दी गई है जहां अचानक जलस्तर बढ़ सकता है। राज्य आपदा परिचालन केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में भारी वर्षा व भूस्खलन के कारण एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 3 सौ 15 सड़कें अभी भी यातायात के लिए अवरूद्ध हैं जबकि 72 बिजली ट्रांसफार्मर व 4 सौ 91 पेयजल योजनाएं ठप पड़ी हैं। इस मानसून सीजन में अब तक वर्षा जनित घटनाओं में 2 सौ 29 लोगों की मौत हो चुकी है जिसमें सर्वाधिक वर्षा प्रभावित मंडी जिला में अभी तक 44 लोगों की मौत हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त तक राज्य के अलग–अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है।

11 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में बारिश होने की संभावना है। 12 अगस्त को ये संभावना है कि कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसके बाद 13 व 14 अगस्त को कुल्लू, मंडी, सोलन, शिमला व सिरमौर में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट है। तो ओवर ऑल जो वैदर है 11 से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा। अगस्त माह की बात करें तो पूरे प्रदेश में इस महीने 16 प्रतिशत ज्यादा बारिश दर्ज की जा चुकी है।

मंडी आपदा

इस बीच नगर निगम मंडी के महापौर वीरेन्द्र भट्ट ने बताया कि निगम क्षेत्र में अब तक बारिश से 15 करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान हो चुका है लेकिन प्रदेश सरकार ने नगर निगम को मात्र 2 करोड़ रूपए की ही राहत राशि जारी की है। उन्होंने इस राशि को नाकाफी बताते हुए सरकार से मांग की है कि निगम का अधिक से अधिक धनराशि जारी की जाए ताकि राहत कार्यों में और तेजी लाने के साथ प्रभावितों की हरसंभव मदद की जा सके।

इस बार मंडी नगर निगम क्षेत्र में भारी बारिश हो जाने के कारण काफी नुकसान झेलना पड़ा जिसमें तीन जानें भी चली गई और लगभग नगर निगम क्षेत्र में 15 करोड़ का जो है नुकसान हुआ है। सरकार

ने निवेदन रहेगा कि वे इस भरपाई को पूरा करने के लिए नगर निगम का सहयोग करे। दो करोड़ रूपए की राशि जो है नगर निगम को प्राप्त हो चुकी है जोकि बहुत ही कम है। नगर निगम में हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार आगे आए।

स्क्रब टाइफस

हिमाचल प्रदेश में स्क्रब टाइफस के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। बीते कल आईजीएमसी शिमला में स्क्रब टाइफस के तीन नए मामले सामने आए हैं, जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि यदि किसी को तेज बुखार, शरीर में दर्द या दाने जैसे लक्षण दिखाई दें तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अपनी जांच करवाएं। ये बीमारी पिसू के काटने से फैलती है जो आमतौर पर खेतों, घास के मैदानों और बागीचों में पाए जाते हैं। गौरतलब है कि स्क्रब टाइफस से अभी तक प्रदेश में तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस है ये दिवस हर वर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्वभर में युवाओं से संबंधित मुद्दों, चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित करना और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और पर्यावरणीय विकास में बढ़ावा देना है। इस मौके पर आज शिमला में ज्ञान–विज्ञान समिति द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

तिरंगा यात्रा

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 15 अगस्त तक अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। अभियान के तहत 13 अगस्त को भाजपा शहीद व स्वतंत्रता सैनानियों के स्मारकों पर सफाई अभियान चलाएगी जबकि 14 अगस्त विभाजन विभिषिका के रूप में मनाया जाएगा। इसी तरह 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी भाजपा पार्टी कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक रूप से तिरंगा फहरया जाएगा। अभियान के तहत आज प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में तिरंगा वितरण व राष्ट्रीय अभियान के प्रति देशभक्ति जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

अमर उजाला की सुर्खी है राजभवन से जारी वीसी की नियुक्ति का विज्ञापन सरकार ने लिया वापस। हिमाचल दस्तक लिखता है राजभवन व प्रदेश सरकार के बीच बढ़ा टकराव।

पंजाब केसरी ने खबर दी है हिमाचल ने लिखी नई इबारत, चमियाणा में पहली रोबोटिक सर्जरी।

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है मानसून का कहर जारी–आज भी 8 जिलों में बारिश, तीन में ऑरेंज अलर्ट